राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर

"वित्त भवन" जनपथ, जयपुर– 302015

(दूरभाष 0141–2740735, फैक्स 0141– 2742309, ई–मेल jdp-ta-rj@nic.in)

क्रमांक: एफ–3(ख)/वाई–286/92/अलेसे–II/327 दिनांक–17/5/18

## कार्यमुक्ति आदेश

निदेशालय, कोष एवं लेखा द्वारा जारी स्थानान्तरण आदेश दिनांक 04.05.2018 द्वारा श्री योगेन्द्र चौहान, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–द्वितीय का स्थानान्तरण कार्यालय अधिशाषी अभियंता, राजस्थान शहरी क्षेत्र विकास विनियोजन कार्यक्रम, नागौर (मुख्यालय नागौर से बीकानेर स्थानान्तरित होने के कारण) से खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नागौर में किया गया था किन्तु निदेशालय को प्राप्त सूचना के अनुसार श्री चौहान आदिनांक तक नवीन पदस्थापन स्थान पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है।

श्री योगेन्द्र चौहान को तत्काल उनके वर्तमान कार्यालय से **दिनांक 17.05.2018 मध्यान्ह पश्चात् एतद् द्वारा कार्यमुक्त किया जाता है** तथा निर्देश दिये जाते है कि श्री चौहान नवीन पदस्थापन स्थान पर नियमानुसार कार्यग्रहण कर ईमेल–jdp-ta-rj@nic.in /दूरभाष संख्या 0141–2744134 पर इस निदेशालय को सूचित करावें।

इसके अतिरिक्त श्री योगेन्द्र चौहान को निर्देश दिये जाते है कि निदेशालय के स्थानान्तरण आदेशों एवं तत्पश्चात जारी तत्काल कार्यमुक्त होने सम्बन्धी आदेशों की पालना आदिनांक न किये जाने के सम्बन्ध में **कारणों सहित अपना स्पष्टीकरण 3 कार्यदिवसों के अन्दर निदेशालय को पत्र/ ईमेल के माध्यम से प्रेषित करावें** अन्यथा नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी, सूचित रहे।

(मंजुला वर्मा)
निदेशक

क्रमांक: एफ–3(ख)/वाई–286/92/अलेसे–II/327 दिनांक–17/5/18

प्रतिलिपि:–

1. अधिशाषी अभियंता, राजस्थान शहरी क्षेत्र विकास विनियोजन कार्यक्रम, नागौर (मुख्यालय नागौर से बीकानेर स्थानान्तरित होने के कारण)।
2. खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नागौर।
3. श्री योगेन्द्र चौहान, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II कार्यालय अधिशाषी अभियंता, राजस्थान शहरी क्षेत्र विकास विनियोजन कार्यक्रम, नागौर (मुख्यालय नागौर से बीकानेर स्थानान्तरित होने के कारण)।
4. उपनिदेशक (ए.सी.पी), कम्प्यूटर अनुभाग को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(अरविन्द दीवान)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–II)